**Directorate of Education**
Govt. of NCT of Delhi

# Practice Test Material

**2015-2016**

**Subject : HINDI**
**Class : IX**

***Under the guidance of :***

**Addl. DE (School/Exam)**

# कार्य प्रपत्र-1

# कक्षा - नवीं

# विषय - हिन्दी

**समय : 50 मिनट** **अंक : 50**

प्र.1 प्रतिष्ठा की अंतिम प्रतिस्पर्धा में जो अपना है उसे खोकर छद्म आधुनिकता की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। संस्कृति की नियंत्रक शक्तियों के क्षीण हो जाने के कारण हम दिग्भ्रमित हो रहे हैं। हमारा समाज ही अन्य-निर्देशित होता जा रहा है। विज्ञापन और प्रसार के सूक्ष्म तंत्र हमारी मानसिकता बदल रहे हैं। उनमें सम्मोहन की शक्ति है, वशीकरण की भी।

अंततः इस संस्कृति के फैलाव का परिणाम क्या होगा? यह गंभीर चिंता का विषय है। हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है। जीवन की गुणवत्ता आलू के चिप्स से नहीं सुधरती। न बहुविज्ञापित शीतल पेयों से भले ही वे अंतर्राष्ट्रीय हों। पीजा और बर्गर कितने ही आधुनिक हों, हैं वे कूड़ा खाद्य। समाज में वर्गों की दूरी बढ़ रही है, सामाजिक सरोकारों में कमी आ रही है। जीवन स्तर का यह बढ़ता अंतर आक्रोश और अशांति को जन्म दे रहा है। जैसे-जैसे दिखावे की यह संस्कृति फैलेगी, सामाजिक अशांति भी बढ़ेगी।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क. हमारे द्वारा छद्म आधुनिकता अपनाने का कारण क्या है?

ख. दिखावे की संस्कृति के दूरगामी दुष्परिणाम क्या हो सकते हैं?

ग. हमारी मानसिकता के परिवर्तित होन के कारणों पर प्रकाश डालिए?

घ. पीजा और बर्गर किस प्रकार के खाद्य पदार्थ हैं?

ङ निम्न शब्दों के विलोम लिखिए :

छद्म, आधुनिकता

प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नां के उत्तर दीजिए :

क. लेखक के मतानुसार आज जीवन में 'सुख' से क्या अभिप्राय है?

ख. आज की संस्कृति को विज्ञापन कैसे प्रभावित कर रहे हैं?

ग.	'प्रतिष्ठा के अनेक रूप हैं, चाहे वे हास्यास्पद ही क्यों न हों' - का आशय स्पष्ट कीजिए।

घ.	'व्यक्ति-केंद्रिकता' का क्या अर्थ है? स्पष्ट कीजिए।

ङ	लेखक ने नई संस्कृति को अनुकरण की संस्कृति क्यों कहा है?

प्र.3	निम्नलिखित काव्यांशों में निहित अलंकार का नाम लिखिए :

क.	वह जिंदगी क्या जिंदगी जो सिर्फ पानी सी बही।

ख.	मैया मैं तो चंद खिलौना लैहों।

ग.	इतना रोया था मैं उस दिन ताल-तलैया सब भर डाले।

घ.	तिनकों के हरे-हरे तन पर

हिल हरित रुधिर है रहा झकल।

ङ	जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत की सोय।

बारे उजियारो करे, बढ़े अंधेरो होय।।

# कार्य प्रपत्र-2

## कक्षा - नवीं

## विषय - हिन्दी

## (उपसर्ग, प्रत्यय, समाज, शब्द निर्माण)

**समय : 50 मिनट** **अंक : 50**

प्र.1 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - 1x5=5

क. अनुभव (उपसर्ग बताइए)

ख. 'वि' उपसर्ग से एक शब्द बनाइए।

ग. 'पालनहार' शब्द में प्रत्यय बताइए।

घ. 'पन' प्रत्यय से एक शब्द बनाइए।

ङ 'खण्डहर' शब्द में प्रत्यय छाँटकर लिखो।

प्र.2 निम्न शब्दों में मूल शब्द और उपसर्ग अलग करके लिखो - 1x4=4

| | शब्द | उपसर्ग | मूल शब्द |
|---|---|---|---|
| क. | संहार | .......... | .......... |
| ख. | आदान | .......... | .......... |
| ग. | अनमोल | .......... | .......... |
| घ. | सपूत | .......... | .......... |

प्र.3 निम्न शब्दों से उपसर्ग प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करके लिखो - 1½x4=6

| | शब्द | उपसर्ग | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|---|---|
| क. | सुरकर्मी | .......... | .......... | .......... |
| ख. | सजीवता | .......... | .......... | .......... |
| ग. | स्वदेशी | .......... | .......... | .......... |
| घ. | प्रसिद्धि | .......... | .......... | .......... |

प्र.4 निम्न शब्दों का विग्रह करके समास का नाम लिखो – 1x5=5

| | समस्त पद | विग्रह | समास का नाम |
|---|---|---|---|
| क. | राजकुमार | .......... | .......... |
| ख. | दुर्भाग्य | .......... | .......... |
| ग. | त्रिलोचन | .......... | .......... |
| घ. | राधा–कृष्ण | .......... | .......... |
| ङ | त्रिफला | .......... | .......... |

**कार्य प्रपत्र-3**

**कक्षा - नवीं**

**विषय - हिन्दी**

**उपविषय : अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद**

**समय : 50 मिनट** **अंक : 50**

प्र.1 उचित विकल्प छाँटकर लिखो : 1

क. कविता कहानी पढ़ती है।

(1) प्रश्नवाचक (2) निषेधवाचक (3) विस्मयवाचक (4) विधानवाचक

ख. आप अपना काम जल्दी पूरा करो। 1

(1) आज्ञावाचक (2) प्रश्नवाचक (3)निषेधवाचक (4) संदेहवाचक

ग. हमें झूठ नहीं बोलना चाहिए। 1

(1) विस्मयवाचक (2) निषेधवाचक (3) प्रश्नवाचक (4)विधानवाचक

घ. आप कहाँ रहते हैं? 1

(1) विधानवाचक (2) प्रश्नवाचक (3) इच्छावाचक (4) संदेहवाचक

ङ अहा! हम मैच जीत गए। 1

(1) विस्मयवाचक (2) प्रश्नवाचक (3) विधानवाचक (4)निषेधवाचक

प्र.2 अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए - 1x4=4

अ. अरे! तुम आ गए।

ब. कल कौन आ रहा है?

स. प्रभु तुम्हें दीर्घायु करे।

द. शायद राम घर पर है।

प्र.3 निम्न वाक्यां को निर्देशानुसार बदलकर लिखिए - 1x6=6

1. बच्चे कक्षा में शोर मचा रहे हैं। (निषेधवाचक में)

2. सीमा क्या खा रही है? (विधानवाचक में)

3. मैं कक्षा में प्रथम आ गया। (विस्मयवाचक में)

4. आज वर्षा होगी। (संदेहवाचक में)

5. सुरेश ने पत्र लिखा है। (प्रश्नवाचक)

6. आप तेज दौड़ते हैं। (आज्ञावाचक)

प्र.4 अर्थ के आधार पर वाक्यों के प्रकार लिखो। प्रत्येक का एक-एक उदाहरण लिखो। 5

# कार्य प्रपत्र-4

# कक्षा - नवीं

# विषय - हिन्दी

**समय : 50 मिनट** **अंक : 50**

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

''कानपुर में भीषण हत्याकांड करने के बाद अंग्रेजों का सैनिक दल बिठूर की ओर गया। बिठूर में नाना साहब का राजमहल लूट लिया गया पर उसमें बहुत थोड़ी संपत्ति अंग्रेजों के हाथ लगी। इसके बाद अंग्रेजों ने नाना साहब का महल भस्म कर देने का निश्चय किया। सैनिक दल ने जब वहाँ तोपं लगाईं, उस समय महल के बरामदे में एक अत्यंत सुन्दर बालिका आकर खड़ी हो गई। उसे देखकर अंग्रेज सेनापति को बड़ा आश्चर्य हुआ क्योंकि महल लूटने के समय वह बालिका वहाँ कहीं दिखाई न दी थी।

क. अंग्रेजों ने कानपुर में हत्याकांड क्यों किया?

ख. अंग्रेजों का सैनिक दल बिठूर क्यों गया?

ग. सैनिक दल द्वारा तोप लगाने का क्या उद्देश्य था?

घ. अचानक बरामदे में आई बालिका कौन थी?

ङ 'एक अत्यंत सुंदर बालिका' वाक्यांश में प्रविशेषण कौन सा शब्द है?

प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

क. नाना साहब कौन थे? अंग्रेज उनसे नाराज क्यों थे?

ख. मैना से उसका परिचय जानकार सेनापति 'हे' किस दुविधा में पड़ गए?

ग. मैना का अनुरोध और परिचय पाकर जनरल 'हे' दुखी क्यों हुए?

घ. अकेली मैना सैनिकों के बीच घिरी होने पर भी क्यों नहीं डरी?

ङ सर टॉमस 'हे' के मैना पर दया-भाव के क्या कारण थे?

# कार्य प्रपत्र-5

## कक्षा - नवीं

## विषय - हिन्दी

**समय : 50 मिनट** **अंक : 50**

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

टोपी आठ आने में मिल जाती है और जूते उस जमाने में भी पाँच रुपये से कम में क्या मिलते होंगे। जूता हमेशा टोपो से कीमती रहा है। अब तो जूते की कीमत और बढ़ गई है और एक जूते पर पच्चीसों टोपियाँ न्योछावर होती हैं। तुम भी जूते और टोपी के आनुपातिक मूल्य के मारे हुए थे। यह विडंबना मुझे इतनी तीव्रता से पहले कभी नहीं चुभी, जितनी आज चुभ रही है, जब मैं तुम्हारा फटा जूता देख रहा हूँ। तुम महान कथाकार, उपन्यास-सम्राट, युग-प्रवर्तक, जाने क्या-क्या कहलाते थे, मगर फोटो में भी तुम्हारा जूता फटा हुआ है।

क. टोपी और जूते के मूल्य में क्या संबंध रहा है?

ख. जूते पर टोपियाँ न्यौछावर होने का तात्पर्य क्या है?

ग. प्रेमचंद जूते और टोपी के आनुपातिक मूल्य के किस तरह मारे थे?

घ. 'अब तो जूते की कीमत और बढ़ गई है' का भाव क्या है?

ङ प्रेमचंद के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग हुआ है?

प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

क. प्रेमचंद के व्यक्तित्व की कौन-कौन सी विशेषताएँ प्रस्तुत की गई है?

ख. पाठ में 'टीले' शब्द का प्रयोग किन संदर्भो को इंगित करने के लिए किया गया होगा?

ग. लेखक और प्रेमचंद के जूतों में क्या अंतर था? स्पष्ट कीजिए।

घ. लेखक ने प्रेमचंद जी को साहित्यिक पुरखा कहा है, स्पष्ट कीजिए।

ङ निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए :

अटक जाना, जूता आजमाना, लहूलुहान होना, पहाड़ फोड़ना

प्र.3 अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद लिखिए :

क. तुम आज भी देर से विद्यालय क्यों आए हो?

ख. मुझे ज्यादा बोलना अच्छा नहीं लगता है।

ग. ईश्वर तुम्हें दीर्घायु बनाएँ।

घ. प्रतिदिन प्रातः भ्रमाण स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है।

ङ खेलने में अधिक समय बर्बाद मत करो।

# कार्य प्रपत्र-6

## कक्षा - नवीं

## विषय - हिन्दी

**समय : 50 मिनट** **अंक : 50**

प्र.1 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

''पास ही मिलकर उगी है, बीच में अलसी हठीली,
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नील फूले फूल को सिर पर चढ़ाकर,
कह रही है, जो छुए यह, दू्ं हृदय का दान उसको।''

क. अलसी कहाँ उगी हुई है?

ख. अलसी का पौधा कैसा है?

ग. वह अपने हृदय का दान किसे करना चाहती है?

घ. अलसी के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया गया है?

ङ 'नील फूल फूल' तथा 'दूँ हृदय का दान उसको' मैं कौन-सा अलंकार है?

प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

क. चंदग्रहना से लौटते समय कवि कहाँ रुका और क्यों?

ख. चने ने किसका मुरैठा बाँध रखा है?

ग. अलसी के रुप-सौंदर्य का वर्णन करते हुए उसके मनोभावों को लिखिए।

घ. प्रेम की प्रिय भूमि किस प्रकार अधिक उपजाऊ है?

ङ 'अंचल-आँचल' तथा 'अलसी-असली' शब्द-युग्मों का वाक्य प्रयोग द्वारा अंतर स्पष्ट करें (अर्थ में)।

# **कार्य प्रपत्र-7**

# **कक्षा - नवीं**

# **विषय - हिन्दी**

# **कृतिका - रीढ़ की हड्डी**

**समय : 50 मिनट** **अंक : 50**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

1. रामस्वरुप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे हैं, वह उचित क्यों नहीं है?
2. समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु कौन-कौन से प्रयास किए जा सकते हैं?
3. क्या गोपाल प्रसाद जसे लोग लड़के-लड़कियों को समान दृष्टि से देखते हैं? स्पष्ट करें।
4. 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक ने उमा के किन-किन मूल्यों का आँकलन किया है?